Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 28 □ अंक- 11 □ रायपुर, सोमवार 3 फरवरी 2025 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## महाकुंभ जा रहे प्रधान आरक्षक समेत 5 की मौत



**बलरामपुर-रामानुजगंज,** 3 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ से महाकुंभ जा रही एक कार को तेज रफ्तार ट्रेलर ने टक्कर मार दी और हादसे के बाद कार एक घर में जा घुसी. इस हादसे में प्रधान आरक्षक सहित कुल 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 3 की हालत गंभीर है. यह हादसा यूपी के सोनभद्र जिले में हुआ है. इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है.

वाराणसी-शक्तिनगर स्टेट हाइवे 5ए चोपन-हाथीनाला मार्ग पर शाम 7 बजे यह घटना घटी. जहां एक कार और ट्रक के जोरदार भिड़ंत हुई. टक्कर के बाद कार समीप के घर में जा घुसी. कार सवार सहित घर में बैठे 6 लोगों के मौत हो गई है. हादसे में 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं. घटना के बाद मौके पर पहुंची हाथीमला चोपन पुलिस राहत बचाव कार्य में जुटी हुई है. आनन-फानन में सभी घायलों को चोपन अस्पताल भेजा गया है. दुर्घटनाग्रस्त कार में 7 लोग सवार थे, जिसमें से 5 की मौत हो गई है जो छत्तीसढ़ के बलरामपुर जिले के बताए जा रहे हैं. मृतकों में करौंदा थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक रवि प्रकाश मिश्रा भी शामिल हैं। घटना की जानकारी मिलते ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर संज्ञान लिया. उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की. साथ ही तत्काल राहत कार्य में तेजी लाने और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं. हाथीनाला थाना क्षेत्र स्थित रानीताली में यह हादसा तब हुआ है, जब एक ट्रक अनियंत्रित डिवाइडर पार करते हुए दूसरी लेन में आया गय और क्रेटा कार को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और कार सीधे एक घर में जा घुसी. घटना में 6 लोगों की जान चली गई. 3 लोग गंभीर घायल हैं.

चालक की पहचान सनाउल्लाह 40 वर्ष निवासी बलरामपुर-रामानुजगंज जिला (छत्तीसगढ़) के रूप में हुई है. वहीं इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा ने बताया है कि घायलों को उपचार के लिए भिजवाया गया है. मृतकों के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है.

## ओबीसी आरक्षण को लेकर राज्य और आयोग से जवाब मांगा हाईकोर्ट ने

**बिलासपुर,** 3 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने पंचायत चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण से जुड़े एक मामले में सुनवाई करते हुए राज्य सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। यह मामला कबीरधाम जिले के ग्राम पंचायत घुटुरकुंडी का है, जहां 90 प्रतिशत ओबीसी जनसंख्या होने के बावजूद ह्क्ष्ट वर्ग को आरक्षण नहीं दिया गया।



याचिका ग्राम घुटुरकुंडी, जनपद पंचायत पंडरिया के निवासी हेमंत कुमार साहू ने अधिवक्ता वैभव पी. शुक्ला और आशीष पांडेय के माध्यम से दायर की है। याचिकाकर्ता का कहना है कि राज्य सरकार द्वारा पंचायत चुनावों में ओबीसी आरक्षण तय करने के लिए अपनाए गए संशोधित नियमों में गंभीर खामियां हैं। नए प्रावधानों के तहत ब्लॉक स्तर पर ओबीसी आबादी के अनुपात में सीटों के आरक्षण का नियम लागू किया गया है। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता वैभव पी. शुक्ला ने तर्क दिया कि राज्य सरकार के पास ओबीसी जनसंख्या का सटीक डेटा नहीं है। ऐसे में, अनुमानों के आधार पर आरक्षण का निर्धारण करना संविधान की भावना के विपरीत है। जस्टिस बी. डी. गुरु की एकलपीठ ने मामले को गंभीर मानते हुए याचिका स्वीकार की और राज्य सरकार को एक सप्ताह के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया।

याचिका में 2011 की जनगणना के आंकड़े और 2019 के पंचायत चुनावों में ओबीसी आरक्षण से जुड़े तथ्यों को भी प्रस्तुत किया गया है। पिछली बार ब्लॉक पंडरिया की 143 ग्राम पंचायतों में से 36 गांवों में सरपंच पद ओबीसी के लिए आरक्षित थे, लेकिन इस वर्ष यह संख्या घटकर मात्र 9 रह गई। याचिकाकर्ता का दावा है कि ग्राम घुटुरकुंडी में 90 प्रतिशत आबादी ओबीसी वर्ग की होने के बावजूद पिछले चार पंचायत चुनावों में न तो ओबीसी सीट मिली और न ही इसे मुक्त सीट घोषित किया गया। इससे स्थानीय ओबीसी समुदाय राजनीतिक प्रतिनिधित्व के अधिकार से वंचित हो रहा है।

### ब्रेकिंग न्यूज

## वक्फ बिल पर 428 पन्नों की रिपोर्ट में से 281 पर विपक्ष ने जताई असहमति



**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (न्यूज चैनल)। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर जेपीसी रिपोर्ट की आलोचना के बीच, संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने सोमवार को कहा कि विपक्ष एक निश्चित एजेंडे को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है और उसने कुल 428 पन्नों की रिपोर्ट में से 281 पृष्ठों में असहमति नोट प्रस्तुत किया है। मीडिया से बात करते हुए पाल ने इस बात पर जोर दिया कि उन्होंने सभी गवाहों पर विचार करने के बाद अंतिम रिपोर्ट तैयार की है। उन्होंने (विपक्ष ने) जेपीसी को यह कहकर गुमराह करने की कोशिश की कि अगर यह विधेयक पारित हो गया, तो सभी वक्फ संपत्तियां छीन ली जाएंगी, उसी तरह, वे पूरे देश में एक निश्चित एजेंडा को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं और तुष्टिकरण का प्रयास कर रहे हैं। जेपीसी की निरंतर बैठकों में हमने सभी को गवाह के रूप में बुलाया, चाहे वह वक्फ बोर्ड हो, अल्पसंख्यक आयोग हो, सरकारी अधिकारी हों, हितधारक हों, या इस्लामी विद्वान हों, हमने उन सभी की बात सुनी। हमने 428 पेज की रिपोर्ट तैयार की है, जिसे हमने स्पीकर को सौंप दिया है। 428 पन्नों की इस रिपोर्ट में हमने खंड-दर-खंड संशोधन का अनुरोध किया था, चाहे वह ओवेसी साहब हों, नसीर हुसैन हों, या कोई और हों। सभी ने अपना इनपुट दिया था। फिर हमने उन संशोधनों के आधार पर मतदान कराया और बहुमत के आधार पर उन्हें स्वीकार कर लिया। जेपीसी अध्यक्ष ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि सभी बैठकों में, जो लोग आज विरोध कर रहे हैं वे भी उपस्थित थे और उन्होंने मतदान में भाग लिया। विपक्ष ने 428 पन्नों की रिपोर्ट में से 281 पन्नों पर असहमति नोट जमा किया है। जगदंबिका पाल ने कहा कि जब हम सदन में रिपोर्ट पेश करेंगे तो इन सभी सदस्यों के असहमति नोट भी शामिल किए जाएंगे। अब इसमें और क्या किया जा सकता है। व्यवसायों की सूची के अनुसार, वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर जेपीसी रिपोर्ट सोमवार को सदन में पेश नहीं की जाएगी। यह रिपोर्ट 30 जनवरी, 2025 को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को प्रस्तुत की गई। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर जेपीसी ने बुधवार, 29 जनवरी को मसौदा रिपोर्ट और संशोधित संशोधित विधेयक को अपनाया।




चूहा- सुनती हो, सारे राजनेता यमुना केपानी को बोतल में भरकर प्रेस कान्फ्रेंस कर रहे हैं।
चुहिया- हां जी, पर पीने की हिम्मत कोई नहीं कर पा रहा है।

## छापा पड़ा तब पीआरए ने 37 करोड़ की टैक्स चोरी स्वीकारी



### लागत से ज्यादा दिखा रहे थे खर्च

रायपुर, 3 फरवरी (हाईवे चैनल)। आयकर विभाग की पीआरए इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के तेलीबांधा स्थित दफ्तर में सर्वे की कार्रवाई पूरी हो गई है। सूत्र बताते हैं कि कंपनी ने कर चोरी स्वीकार की है और 37 करोड़ रूपए सरेंडर किए हैं। कंपनी को 15 मार्च तक एडवांस टैक्स जमा करने नोटिस दिया गया है। लगभग तीन दिनों तक चली इस जांच में लगे सभी अफसर रायपुर से बाहर के थे। जाँच के दौरान खुलासा हुआ कि बुक्स में तो सब कुछ सही था लेकिन कंपनी ने निर्माण स्थल में जो खर्च दर्शाया था उसमें बड़ा अंतर था। उसी के आधार पर आयकर रकम सरेंडर कराया गया है।

यह कंपनी पिछले वर्ष उस वक्त चर्चा में आई जब अंतरराष्ट्रीय गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई के लिए काम करने वाले अमन साव गिरोह के शूटर ने (अप्रैल24) में डायरेक्टर पर शूट आउट का प्रयास किया था। इस हमले के करीब डेढ़ दर्जन आरोपी रायपुर जेल में बंद हैं। यहां बेहिसाबी नकदी और हेरफेर किए गए लेनदेन का पता चला। पीआरए ग्रुप के निदेशक राजेश कुमार अग्रवाल, महेश कुमार अग्रवाल, आयुष अग्रवाल और अभिषेक गर्ग से पूछताछ की गई तो उन्होंने चोरी की बात स्वीकार की। एडवांस टैक्स देनदारी के तौर पर 11.50 करोड़ रुपये तुरंत जमा करने का आदेश दिया गया। पीआरए समूह में सड़क निर्माण रसद, इस्पात, शिक्षा और खनन में परस्पर जुड़ी कंपनियां जांच के तहत संबंधित संस्थाओं में ऑर्गेनिक बेवरेजेज एंड फूड्स, टिकिटर-पीआरए, बारब्रिक इंडस्ट्रीज, अंबिका पावर एंड शुगर, पीआरए दामर, एसआरआरएम प्रोजेक्ट्स, और कई कंपनी शामिल हैं।

## छॉलीवुड अभिनेता राजेश अवस्थी का हार्ट अटैक से निधन



**गरियाबंद,** 3 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता व भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजेश अवस्थी अब हमारे बीच नहीं रहे। रविवार रात अचानक हार्ट अटैक आने से उनकी मौत हो गई। गरियाबंद जिला अस्पताल में उन्होंने अन्तिम सांस ली। उनके निधन के बाद समूचे प्रदेश में शोक की लहर फैल गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, संगठन महामंत्री पवन साय, रायपुर सांसद पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, धरसीवा विधायक अनुज शर्मा, राजिम विधायक रोहित साहू, जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व नपा अध्यक्ष गफ्फू मेमन सहित भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं और सिनेमा जगत ने उनके आकस्मिक निधन पर गहरा शोक जताया है।

रविवार को फिल्म अभिनेता राजेश अवस्थी भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने गरियाबंद पहुंचे थे। मालूम हो कि वे भाजपा के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक भी थे। भाजपा के सभी कार्यक्रमों में सक्रियता के साथ शामिल होते थे। रविवार दिनभर के कार्यक्रम के बाद गरियाबंद में अपने मित्रों के साथ रात रूके हुए थे। इसी दौरान रात करीब 11.28 मिनट में इन्हे हार्ट अटैक आया। मित्र उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां उपचार के दौरान उन्होंने अन्तिम सांस ली। सोमवार सुबह उनके पार्थिव शरीर का पीएम किया गया। जिसके बाद शव को रायपुर रवाना किया जा रहा हैं। दोपहर एक बजे महादेव शमशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### घोषणा पत्र जारी करने का समय बदला

रायपुर, 3 फरवरी (हाईवे चैनल)। छालीवुड कलाकार और भाजपा नेता राजेश अवस्थी के निधन की वजह से भाजपा अब शाम 4 बजे नगरीय निकाय के लिए घोषणा पत्र जारी करेगी. पार्टी कार्यालय में साधारण तरीके से घोषणा पत्र जारी करेगी. यही नहीं पार्टी ने चुनाव को लेकर थीम सांग लॉन्च करने का कार्यक्रम भी रद्द कर दिया है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने घोषणा पत्र के समय में किए गए बदलाव की जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा का विजन पूरी तरह से स्पष्ट है. बीजेपी के कार्यकाल में शहरों को आधुनिक और सुविधापूर्ण बनाने का काम शुरू हुआ था. उसी विजन को पार्टी आगे बढ़ाने का काम करेगी. शहर सुंदर और सुव्यवस्थित होंगे. आज जारी किए जाने वाले घोषणा पत्र में शहरों के विकास का ब्लू प्रिंट होगा.

## 6 हफ्ते में रिपोर्ट दे सीएफएसएल, मुख्यमंत्री बीरेन सिंह की ऑडियो क्लिप पर सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश



**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (न्यूज चैनल)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को लीक हुए ऑडियो क्लिप पर केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला से रिपोर्ट मांगी, जिसमें मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह की राज्य में चल रही जातीय हिंसा में कथित संलिप्तता का सुझाव दिया गया है, जिसमें मई में पहली बार भड़कने के बाद से 200 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की दो-न्यायाधीशों की पीठ ने कुकी ऑर्गनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स ट्रस्ट द्वारा दायर एक रिट याचिका के आधार पर रिपोर्ट मांगी, जिसमें कथित क्लिप की स्वतंत्र जांच की मांग की गई है। पीठ ने अगली सुनवाई 24 मार्च तय की है। मणिपुर में कोटा और आर्थिक लाभ को लेकर बहुसंख्यक मैतेई और कुकी के बीच 3 मई, 2023 को जातीय हिंसा भड़क उठी। केंद्र ने पहाड़ी और घाटी जिलों की सीमा से लगे संवेदनशील क्षेत्रों में बलों को तैनात किया है, जिससे परिधीय क्षेत्रों में गोलीबारी की घटनाओं में कमी आई है। कूकी संगठन की ओर से पेश होते हुए वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि ऑडियो क्लिप की जांच ट्रुथ लैब्स द्वारा की गई थी दिल्ली में स्थित देश की एकमात्र पूर्ण स्वतंत्र फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला है। लैब ने प्रमाणित किया कि क्लिप में आवाज बीरेन सिंह से 93 प्रतिशत मेल खाती है। भूषण ने अदालत को बताया कि रिकॉर्डिंग एक बंद दरवाजे की बैठक में हुई थी, जिसमें मुख्यमंत्री को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि उन्होंने मैतेई समुदाय को गिरफ्तारी से सुरक्षा सुनिश्चित की और उन्हें राज्य शस्त्रागार से चोरी करने की भी अनुमति दी।

## महाकुंभ में तीसरा अमृत स्नान जारी, अब तक 34.97 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी



**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (न्यूज चैनल)। वसंत पंचमी के अवसर पर त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान कर रहे संत और श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जा रही है। महाकुंभ 2025 का अंतिम अमृत स्नान आज वसंत पंचमी के अवसर पर हो रहा है।

महाकुंभ एडीएम चंद्रपाल तिवारी ने कहा कि सभी श्रद्धालु यहां आए और पवित्र डुबकी लगाई। प्रशासन के आदेश पर ऐरावत घाट, अरैल घाट, सरस्वती घाट और नागवासुकी मंदिर में श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई। संगम घाट पर अमृत स्नान में भाग लेने वाले अखाड़ों पर पुष्प वर्षा की गई। जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य कहते हैं, आज बहुत महत्वपूर्ण दिन है। आज वसंत पंचमी है और होली भी करीब है। हर कोई आनंद मना रहा है। मैं सनातन धर्म को फलता-फूलता देख सकता हूं। वसंत पंचमी के अवसर पर अखाड़ों और श्रद्धालुओं द्वारा त्रिवेणी संगम पर %अमृत स्नान% के अवसर पर पुष्प वर्षा की जा रही है। महाकुंभ 2025 का अंतिम %अमृत स्नान% आज वसंत पंचमी के अवसर पर हो रहा है। मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब एक नए शिखर पर पहुंच गया है। इसी क्रम में वसंत पंचमी के अमृत स्नान पर महाकुंभ में अब तक स्नानार्थियों की संख्या ने 35 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। सोमवार को सुबह 8 बजे तक 62.25 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई। इसके साथ ही महाकुंभ में स्नानार्थियों की कुल संख्या 35 करोड़ के पार हो गई। अभी महाकुंभ के 23 दिन शेष हैं, और पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की संख्या 50 करोड़ के ऊपर जा सकती है।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही, 6 शिक्षक निलंबत 3 प्रधान पाठक व 2 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस

**रायपुर,** 3 फरवरी (हाईवे चैनल)। बेमेतरा जिले में नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत मतदान दलों के 2 फरवरी 2025 को आयोजित प्रशिक्षण में अनुपस्थिति और निर्वाचन कार्यों में उदासीनता बरतने के फलस्वरूप कलेक्टर रणबीर शर्मा ने छह शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

निलंबित शिक्षकों में विकास कुमार वर्मा (सहायक शिक्षक, स्वामी आत्मानंद स्कूल, ठेलका), निर्मल ठाकुर (व्याख्याता, हायर सेकेंडरी स्कूल, बोरतरा), कमलेश कुमार वर्मा (हायर सेकेंडरी स्कूल, बोरतरा), नागेश्वर चौहान (सहायक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला, केशतरा), मनोज कश्यप (शिक्षक एलबी, शासकीय माध्यमिक शाला, घिवरी) और चैन सिंह ठाकुर (शिक्षक, पूर्व माध्यमिक शाला, कोंगियाकला) शामिल हैं। निलंबन अवधि के दौरान इन सभी शिक्षकों का मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, बेमेतरा निर्धारित किया गया है।

इसी तरह मतदान दलों के प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यों में लापरवाही और उदासीनता बरतने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने तीन प्रधान पाठकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिन प्रधान पाठकों को नोटिस जारी किया गया है सुनील राजपूत (प्रधान पाठक, शासकीय प्राथमिक शाला मौहाभाटा), नवीन दास गोस्वामी (हेड मास्टर, शासकीय प्राथमिक शाला नवागांवखुर्द) और होरिलाल घृतलहरे (हेड मास्टर, शासकीय प्राथमिक शाला मुढ़िया) शामिल हैं। इन सभी शिक्षकों से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। यदि निर्धारित समयावधि में संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं प्राप्त होता है, तो इनके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

उधर शिक्षक एलबी गेंदराम डेहरे ग्राम जोगीपुर एवं चन्द्रिका प्रसाद शिक्षक एलबी ग्राम खैरझिटी द्वारा निर्वाचन ड्यूटी करने में असमर्थता व्यक्त की गई। इस पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर ने उन्हें निर्देशित किया है कि 24 घंटे के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। यदि स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया, तो उनके खिलाफ एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।